न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
Nuclear Power Corporation Of India Limited

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

विक्रम साराभाई भवन,
मध्य मार्ग अणुशक्तिनगर,
मुंबई - 400 094.

Vikram Sarabhai Bhavan,
Central Avenue Road,
Anushaktinagar,
Mumbai - 400 094

दूरभाष / Phone : 022-63991215
फैक्स / Fax : 022-25991218
ई-मेल /E-mail : pagrawal@npcil.co.in

प्रतीक अग्रवाल
उत्कृष्ट वैज्ञानिक
अधिशासी निदेशक (सीपी एवं सीसी)
PRATEEK AGRAWAL
Outstanding Scientist
Executive Director (CP&CC)

प्रेस विज्ञप्ति
PRESS RELEASE

20 सितंबर 2026
September 20th, 2026

RAPP-8 में प्रारंभिक ईंधन लोडिंग का शुभारंभ, परमाणु रिएक्टर के कमीशनिंग की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि
RAPP-8 Reaches a Major Milestone with Commencement of Initial Fuel Loading

न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL) ने राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना 7 एवं 8 (RAPP-7&8, 2×700 MWe), रावतभाटा, राजस्थान में यूनिट-8 में प्रारंभिक ईंधन लोडिंग (Initial Fuel Loading – IFL) का शुभारंभ कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।
Nuclear Power Corporation of India Limited (NPCIL) achieved a significant milestone with the commencement of Initial Fuel Loading (IFL) at Unit-8 of Rajasthan Atomic Power Project 7&8 (RAPP-7&8, 2x700 MWe) at Rawatbhata, Rajasthan.

प्रारंभिक ईंधन लोडिंग 19 सितंबर 2026 को 15:18 बजे श्री एस. डी. पारसवार, निदेशक (संचालन); श्री एन. के. मिठारवाल, निदेशक (परियोजनाएं); श्री डी. एस. राव, साइट निदेशक, रावतभाटा राजस्थान साइट तथा स्टेशन निदेशकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई।
The Initial Fuel Loading commenced at 15:18 hrs on September 19, 2026 in the presence of Shri S. D. Paraswar, Director (Operations); Shri N. K. Mitharwal, Director (Projects); Shri D. S. Rao, Site Director, Rawatbhata Rajasthan Site along with the Station Directors.

यह किसी परमाणु रिएक्टर के निर्माण और कमीशनिंग की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण चरण है। RAPP-8 में IFL का शुभारंभ परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) से आवश्यक अनुमति प्राप्त होने तथा निर्धारित सभी पूर्वापेक्षाओं के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद किया गया है। यह अनुमति व्यापक सुरक्षा मूल्यांकन, प्रमुख प्रणालियों की अखंडता संबंधी जांच तथा साइट की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा सहित विस्तृत नियामक प्रक्रियाओं के उपरांत प्रदान की गई।
It is a major milestone in the construction and commissioning journey of a nuclear power reactor. The commencement of IFL at RAPP-8 followed the receipt of permission from the Atomic Energy Regulatory Board (AERB) and completion of all prescribed pre-requisites. The permission was granted following rigorous safety evaluations, major system integrity audits and site readiness reviews conducted as part of the regulatory process.

RAPP-7&8 में दो स्वदेशी 700 MWe दाबित भारी जल रिएक्टर (Pressurised Heavy Water Reactors – PHWRs) शामिल हैं। प्रारंभिक ईंधन लोडिंग के साथ यूनिट-8 ने कमीशनिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश किया है। इसके आगामी प्रमुख चरणों में First Approach to Criticality शामिल है, जो नियंत्रित विखंडन श्रृंखला अभिक्रिया के प्रारंभ का द्योतक होगा। इसके बाद विद्युत उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा। यूनिट-8 के चालू वित्त वर्ष के दौरान वाणिज्यिक परिचालन प्रारंभ करने की अपेक्षा है।
RAPP-7&8 comprises of two indigenous 700 MWe Pressurised Heavy Water Reactors (PHWRs). With the commencement of IFL, Unit-8 has entered an important stage of its commissioning journey. The next major steps will include the First Approach to Criticality (FAC), marking the start of controlled fission chain reaction, followed by the commencement of power generation. The unit is expected to commence commercial operation during the current financial year.

पंजीकृत कार्यालय : सेन्टर-1, 16 वां तल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कुलाबा, मुंबई - 400 005.
Regd. Office : Centre - 1, 16th Floor, World Trade Centre, Cuffe Parade, Colaba, Mumbai - 400 005.
Website : www.npcil.nic.in CIN. U40104 MH 1987 GOI 149458

RAPP-8 देश में स्थापित किए जा रहे 16 स्वदेशी 700 MWe PHWRs की श्रृंखला का चौथा रिएक्टर है। इस श्रृंखला के पहले दो रिएक्टर, KAPS-3 और KAPS-4, काकरापार, गुजरात ने 2023-24 में वाणिज्यिक परिचालन प्रारंभ किया था। इसके बाद RAPP-7 ने अप्रैल 2025 में वाणिज्यिक परिचालन प्रारंभ किया। इन स्वदेशी रिएक्टरों में उन्नत सुरक्षा विशेषताएं समाहित की गई हैं।
RAPP-8 is the fourth reactor in the series of sixteen indigenous 700 MWe PHWRs being set up in the country. The first two reactors in this series, KAPS-3 and KAPS-4 at Kakrapar, Gujarat, commenced commercial operation in 2023-24, followed by RAPP-7 in April 2025. These indigenous reactors incorporate advanced safety features.

चौथे स्वदेशी 700 MWe PHWR में प्रारंभिक ईंधन लोडिंग का शुभारंभ NPCIL तथा परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के विभिन्न घटक संगठनों के सामूहिक प्रयासों की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि 700 MWe PHWR डिजाइन के मानकीकरण को और सुदृढ़ करती है तथा इस स्वदेशी रिएक्टर डिजाइन के फ्लीट मोड में निरंतर परिनियोजन को समर्थन प्रदान करती है। यह मील का पत्थर सभी लागू सुरक्षा दिशानिर्देशों और AERB की निर्धारित आवश्यकताओं के अनुपालन के साथ हासिल किया गया है।
The commencement of Initial Fuel Loading at the fourth indigenous PHWR-700 MWe represents an important achievement for NPCIL and various constituent units of the Department of Atomic Energy (DAE). It further strengthens the standardisation of the 700 MWe PHWR reactor design and supports its continued deployment in fleet mode. The milestone has been achieved with adherence to all applicable safety guidelines and AERB stipulations.

RAPP-8 में हुई यह प्रगति भारत के स्वदेशी परमाणु विद्युत कार्यक्रम की निरंतर प्रगति को दर्शाती है और देश की बढ़ती विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सुरक्षित, स्वच्छ, विश्वसनीय एवं सतत परमाणु विद्युत उत्पादन के प्रति NPCIL की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।
The progress at RAPP-8 reflects the continued advancement of India's indigenous nuclear power programme and NPCIL's commitment to the safe, clean, reliable and sustained generation of nuclear power based electricity.

NPCIL के बारे में:
About NPCIL:
न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL), परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के अधीन भारत सरकार का एक सार्वजनिक उपक्रम है। NPCIL विद्युत उत्पादन के लिए परमाणु विद्युत रिएक्टरों के डिजाइन, निर्माण, कमीशनिंग, संचालन एवं रखरखाव तथा प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में कार्यरत है। NPCIL वर्तमान में 24 परमाणु विद्युत रिएक्टरों का संचालन कर रहा है, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 8.78 GWe है। इसके अतिरिक्त, लगभग 13 GWe की कुल क्षमता वाले 17 परमाणु विद्युत रिएक्टर विभिन्न कार्यान्वयन चरणों में हैं।
Nuclear Power Corporation of India Limited (NPCIL), a Government of India Enterprise under the Department of Atomic Energy, is engaged in the design, construction, commissioning, operation and maintenance of nuclear power reactors for the generation of clean electricity besides technology development. NPCIL operates 24 nuclear power reactors totalling to a capacity of 8.78 GWe and has 17 nuclear power reactors (totalling to about 13 GWe) under various stages of implementation.

NPCIL और अधिक रिएक्टरों को स्थापित करने की योजना के साथ, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक परिकल्पित 100 GWe परमाणु विद्युत क्षमता में 50% से अधिक योगदान करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है।
In addition, more reactors are planned as NPCIL aims to contribute over 50% of the 100 GWe nuclear power capacity envisaged by the Government by 2047.

NPCIL सुरक्षित, स्वच्छ, विश्वसनीय एवं सतत परमाणु विद्युत उत्पादन के लिए प्रतिबद्ध है और परिचालन उत्कृष्टता तथा तकनीकी प्रगति पर निरंतर ध्यान केंद्रित करता है।
NPCIL is committed to safe, clean, reliable and sustainable nuclear power generation, with a focus on operational excellence and technological advancement.

20/09/2026

(प्रतीक अग्रवाल)
(Prateek Agrawal)

Glimpse of Initial Fuel Loading at RAPP-8

NPCIL